# बरगी बांध की लहरों में समाई 9 जिंदगियां

## लापरवाही : लाइफ जैकेट समय पर नहीं हुई मुहैया

**जबलपुर, 1 मई. बरगी बांध में गुरूवार शाम तेज आंधी चलने से खमरिया टापू के पास पर्यटकों से भरा क्रूज अचानक असंतुलित होकर डूब गया था और खुशियों भरी शाम का सफर का खौफनाक अंत में तब्दील हो गया दर्दनाक हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया हैप्पैर-सपाटे और हंसी-मजाक के बीच शुरू हुआ क्रूज का यह सफर अपनों के लिए उम्र भर का दर्द बन गया.**

गुरुवार शाम हुए इस दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है. क्रूज पर सवार पर्यटक कुदरत की खूबसूरती और लहरों का आनंद ले रहे थे.शाम का वक्त था और हर कोई खुशनुमा पलों को तस्वीरों में कैद करने में मशगूल था.किसी को इस बात का गुमान तक नहीं था कि जिस पानी के साथ वे अठखेलियां कर रहे हैं, वही काल बनकर उन्हें लील जाएगा. गुरूवार से चला रेस्क्यू रातभर और फिर शुक्रवार को सुबह से जारी रहा.चार शव कल तो दूसरे दिन पांच और शव बरामद किए गए.रेस्क्यू जारी है और चार अब भी लापता है.जिनकी देर शाम तक सर्चिंग चली.लेकिन सुराग न लगने पर शाम करीब साढ़े सात बजे अंधेरा होने से रेस्क्यू बंद कर दिया गया.



**सुरक्षा कवच बन बेटे को सीने से लिपटाए रही मां :** बरगी क्रूज हादसे की मार्मिक तस्वीर, सामने आई जिसमें एक मां मरीना मैसी अपनी अंतिम सांस तक अपने मासूम बेटे को सीने से लिपटाए रही. हृदयविदारक तस्वीर ने झकझोर कर रख दिया है. यह तस्वीर एक मां के उस निस्वार्थ और अटूट प्रेम की गवाह है, जो मौत के खौफनाक मंजर में भी अपने बच्चे के लिए सुरक्षा कवच बनी रही.


इस हृदय विदारक घटना ने सुरक्षा मानकों पर भी सवाल उठा दिए है. पर्यटकों को लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण समय पर मुहैया क्या नहीं कराए गए अगर उपकरण समय पर मिल जाते शायद कई जिंदगियां बच जाती. मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लापरवाही उजागर होने के बाद एक्शन ले लिया है.हादसे में लापरवाही बरतने के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की गई है.

क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी, बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई हैं.इसके साथ ही होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित की गई है.सीएम ने कहा कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा.जानकारी के अनुसार बरगी बांध में गुरुवार को पर्यटकों ने खुशी-खुशी डबल डेकर क्रूज का लुत्फ उठाने 40 ज्यादा पर्यटक क्रूज पर सवार होकर बांध की सैर पर निकले.

### तीन दोषियों पर सख्त कार्रवाई

जबलपुर में बरगी जलाशय में हुए दुखद क्रूज हादसे में लापरवाही के मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गई है. क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई हैं. होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित की गई है.दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शासन हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है

### प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त की संवेदनाएं



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं.उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन प्रभावितों की हर संभव सहायता में जुटा हुआ है. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से राहत राशि की घोषणा की है.उन्होंने कहा कि हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी.वहीं घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता दी जाएगी.

### शोक संतृप्त परिवारों से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कोतवाली से दरहाई मार्ग स्थित श्रीमती नीतू सोनी के निवास पहुँचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। सोनी की बरगी बांध में हुई क्रूज दुर्घटना में निधन हो गया था. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव साउथ सिविल लाइन भसीन रेसीडेंसी स्थित सैयद रियाज हुसैन के भी निवास पहुँचकर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेशमा सैयद के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सैयद रियाज हुसैन से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया. उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन भी मुख्यमंत्री के साथ थे.

### तीन बिन्दुओं पर होगी उच्च स्तरीय जांच

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरगी बांध में हुई क्रूज़ दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिये.उन्होंने कहा कि दुर्घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सचिव होमगार्ड नागरिक सुरक्षा और संभागायुक्त जबलपुर द्वारा घटना की सूक्ष्मता से तीन बिंदुओ पर जांच की जायेगी, जिसमें दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाना, तत्कालीन परिस्थितियों का विश्लेषण करना और क्रूज संचालन से जुड़ी सभी प्रासंगिक नियम व खामियों की जांच करना शामिल है.जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक एसओपी तैयार की जा सके. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रूज हादसे में 28 व्यक्तियों की जान बचाने वाले प्रत्येक श्रमिक को 51-51 हजार रूपये की राशि देने की घोषणा भी की.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बरगी बांध के घटना स्थल में चल रहे राहत और बचाव कार्य के अवलोकन के दौरान कही.डॉ. यादव ने दुर्घटना स्थल पर चल रहे राहत और बचाव कार्य के निरीक्षण के दौरान कहा कि हादसे से बचाव अभियान में जल जीवन मिशन के आठ से अधिक कर्मियों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना के कुशल गोताखोरों ने मिलकर कार्य किया.तात्कालिक रूप से जल जीवन मिशन के कर्मियों ने 16 लोगों की घटना स्थल पर तुरंत ही जान बचाई. घटना में 9 लोगों के शव बरामद किये गये हैं और अभी रेसक्यू अभियान जारी है.

### इन्होंने जीती मौत से जिंदगी की जंग

मौत से जिंदगी की जंग जीतने वालों में राखी सोनी, विक्की सोनी , समृद्धि सोनी, आराध्या सोनी, अनामिका सोनी, मनोज श्रीवास्व, अंशिका श्रीवास, तनिष्क श्रीवास, तनिष्का श्रीवास, इनिया, रियाज हुसैन, जफर, मोहित नामदेव, महेश पटेल, छोटे लाल गौड,, कियान वर्मा, रोशन आनंद वर्मा, सुनील वर्मा, सरिता वर्मा, करन वर्मा, के पुवीथारन, जुलियस मैसी, सिया मैसी, प्रदीप मैसी, वृन्दा, मंजू खडगा, पूनम थापा, सरस्वती को बचाया गया है।

### दोषियों पर कार्रवाई, लापरवाही दोबारा न हो : तंखा

राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा ने कहा किइस दुखद घटना के दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, सरकार जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे.ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो.घटना में प्रभावित सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे.हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वे प्रशासन से बातचीत करेंगे।

## एक नजर में

### बदमाश से 1.80 करोड़ के 20 ट्रैक्टर बरामद

**उज्जैन.** किसानों से किराए पर ट्रैक्टर लेकर ठिकाने लगाने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.जिसकी निशाना देगी पर 1.80 करोड रुपए कीमत के 20 ट्रैक्टर बरामद किए गए हैं.कुछ और ट्रैक्टरों की बारामदगी के लिए आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि रतलाम के एक किसान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ महीनों पहले उसने ग्राम रुनीजा में अपना ट्रैक्टर किराए पर ग्राम माधोपुरा में रहने वाले रफिक पिता गनी मोहम्मद पटेल को दिया था.रफीक ने प्रतिमाह 15 हजार देने की बात कही थी.लेकिन उसने किराए की राशि नहीं दी ना ही ट्रैक्टर लौट आया.उसके द्वारा लगातार आनाकानी की जा रही है.पुलिस के अनुसार मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर रफीक की तलाश शुरू की गई.

### दो बाइकों की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

**रीवा.** जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेहरा गांव में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला. यहाँ दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई. हादसे की सूचना मिलते ही जनेह थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. डायल 112 और पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते सभी घायलों को बिना देरी किए त्यौंथर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी 6 घायलों की स्थिति अत्यंत नाजुक बताई है,

## रिटायरमेंट के अगले दिन पुनर्नियुक्ति पर हाईकोर्ट की रोक

**रिटायरमेंट के अगले ही दिन कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्ति का मामला**

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 1 मई। इंदौर में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के एक रिटायर चीफ इंजीनियर की संविदा पर दोबारा नियुक्ति पर फिलहाल रोक लगा दी है।**

मामला तब सामने आया जब अधिकारी को रिटायरमेंट के अगले ही दिन कॉन्ट्रैक्ट पर फिर से नियुक्त कर दिया गया। इस पर सवाल उठने के बाद यह मामला कोर्ट पहुंचा।प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर संदेह जताया. कोर्ट का कहना है कि जिस तरीके से यह नियुक्ति की गई, वह पारदर्शी नहीं लगती और पहली नजर में संदिग्ध दिखाई देती है।इसी आधार पर हाईकोर्ट ने फिलहाल इस नियुक्ति पर अस्थायी रोक लगाते हुए संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। अब अगली सुनवाई में इस पूरे मामले की विस्तार से जांच की जाएगी। गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है वहीं 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी शुक्रवार से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है.

## प्राथमिक शिक्षक बृजेन्द्र सिंह निलंबित

**सिंगरौली ।** जनगणना कार्य में घोर लापरवाही बरतने पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना तहसील जानकारी के आधार पर संकुल केन्द्र रजमिलान अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय कनिष्ठ शाला खोखरी के प्राथमिक शिक्षक बृजेन्द्र सिंह को कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने निलंबित करते हुये मुख्यालय शाउमा विद्यालय करैला नियत किया है। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के अनुसार प्राथमिक शिक्षक बृजेन्द्र सिंह की जनगणना 2026 के लिए ड्यूटी लगाई गई थी, 17 मार्च को प्रगणको की नियुक्ति की जाकर 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण स्थल स्व. रामचरित्र स्मृति मॉडल कॉलेज रम्पा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था.

## तत्काल प्रस्तुत कर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्ण

### स्वास्थ्य विभाग में भर्ती प्रक्रिया की उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की समीक्षा

**भोपाल, 1 मई . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की भर्ती प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करते हुए भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए.**



उन्होंने कहा कि सभी स्वीकृत पदों की मांग संबंधित चयन एजेंसी को समय पर भेजी जाए. प्रशासनिक, अंतर्विभागीय समन्वय एवं विधिक विषयों में विभागीय पक्ष तत्काल प्रस्तुत किया जाए. उन्होंने कहा कि विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव को सक्षम स्तर से स्वीकृति के लिए प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए.उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता हैं. गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आधुनिक अधोसंरचना, उन्नत उपकरणों के साथ-साथ पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण होने से चिकित्सकीय मैनपावर की भर्ती में तेजी आएगी, अतः इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करें. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि जिन पदों के लिए परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, उनके परिणाम शीघ्र घोषित कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए तथा जिन पदों की परीक्षाएं शेष हैं, उन्हें जल्द आयोजित किया जाए. चयन एजेंसी के साथ सतत समन्वय बनाए रखते हुए पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए.

## चंबल नदी में रेत उत्खनन करते पकड़ी गई जेसीबी


**रतलाम।** जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम गोदीशंकर के पास चंबल नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। दोनों वाहनों को पुलिस थाना रिंगनोद की अभिरक्षा में रखवाया गया है। खनिज अधिकारी रीना पाठक ने बताया कि उक्त कार्रवाई मध्य प्रदेश अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण नियम 2022 के तहत की गई है और प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी खनिज विभाग की टीम सक्रिय रही।

## 24 घंटे में सामूहिक दुष्कर्म एवं लूट के आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, विगत 29 अप्रैल को एक नाबालिग बालिका के दोस्त को बंधक बनाकर चार आरोपियों द्वारा सामूहिक बलात्कार का मामला प्रकाश में आया था जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुये चारो आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनका देवेन्द्रनगर में पुलिस द्वारा जुलूस निकाला गया।**

हासिल जानकारी के अनुसार दिनांक 29 अप्रेल को पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना देवेंद्रनगर में धारा 115(2), 137(2), 70(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक बलात्कार का अपराध दर्ज कर गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की गई ।विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 309(6) भारतीय न्याय संहिता एवं 3(1)(ई), 3(2)(व), 3(2)(वा) एससी/एसटी एक्ट की धाराओं का समावेश किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर संतोष यादव एवं टीआई पन्ना रोहित मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई ।गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के हुलिया के आधार पर आसपास के ग्रामों में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाश की गई।



पुलिस टीम द्वारा बड़ागाँव बांध क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन आरोपियों श्रीपाल गडारी, पिता राम सनेही गडारी, उम्र 27 वर्ष, शनि पाल, पिता संतोष पाल, उम्र 23 वर्ष, राहुल जैसवाल, पिता शारदा प्रसाद जैसवाल, उम्र 27 वर्ष निवासी बडागांव थाना देवेन्द्रनगर को पक ?ा गया। संदेहियों से पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया तथा एक अन्य सह-अभियुक्त हेतराम उर्फ हितु पटेल, पिता भुराइयां पटेल, उम्र 59 वर्ष निवासी बड़ागाँव की जानकारी भी दी।तत्पश्चात चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया. पूछताछ पर आरोपियों ने बताया की आरोपी जंगल मे पहले से मौजूद थे

## शिवपुरी में ज्वेलर ने खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

**शिवपुरी, 1मई. बदरवास कस्बे में एक ज्वेलरी कारोबारी ने अपने घर में खुद को गोली मार ली. गंभीर हालत में उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.**

पुलिस मामले की जांच कर रही है. संदीप सोनी पिता जगदीश सोनी, जो ज्वेलरी की दुकान चलाते थे, ने अपने घर में पिस्टल से सिर में गोली मारी. गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन घबरा गए और कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़ने पर संदीप खून से लथपथ मिले. उन्हें तुरंत बदरवास स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के कारण गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया.



गुना पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. जिस पिस्टल से गोली चलाई गई, वह अवैध बताई जा रही है. हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है.

**गंभीर समस्या** | राघौगढ़ के राजपुरा गांव में दर्दनाक हादसा, 2 बच्चों की हालत गंभीर

## नरवाई की आग से एक ही परिवार के 4 लोग झुलसे

हरिचरण सोनी

**राघौगढ, 01 मई. खेतों की नरवाई को आग के हवाले करने की चल रही हरकतों के बीच राधौगढ का राजपुरा गॉव दर्दनाक हादसे में बदल गया और नरवाई खेत से उठी आग की लपटों से एक ही परिवार के चार सदस्य आग से झुलसकर गंम्भीर घायल हो गये. घटना के दौरान आग की चपेट में आये 2 बच्चों को भोपाल और 2 को राधौगढ के बाद गुना भेजे गये.**

यहॉ घटना उस समय की बताई जा रही है जब गुजरी रात्रि मे तेज आंधी के बीच एक खेत से भैंसे घेरकर घर जा रहे बच्चों सहित एक युवक नरवाई की भडकी आग में फसकर घायल हो गये. घटना के बाद प्रशासन ने घायलों के परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई. दरअसल खेतों में नरवाई जलाने की लगातार हो रही घटनाऐं अब खतरे का सवव बनती सामने आ रही है. जहॉ गुरुवार रात्रि में समीप राजपुरा गॉव के बुंदेलसिंह गुर्जर के पडोसी खेत के किसान मेघराज मीना के खेत सें भैंसे घेरकर घर लौट रहे थे कि इसी बीच तेज आंधी से नरवाई में भडकी आग से बुंदेलसिंह गुर्जर परिवार के 11 से 14 वर्ष के 3 बच्चे सहित एक युवक आग की चपेट में आने से गंम्भीर रूप से झुलस गये. घटना के बाद मची अफरा-तफरी के बीच 14 वर्षीय लक्ष्मीकांत और 11 वर्षीय संजू को तत्काल गुना के बाद भोपाल भेजे गये और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर 12 वर्षीय रजनीकांत और मुकेश पुत्र रामेश्वर गुर्जर 30 वर्षीय को राधौगढ के बाद गुना में उपचार किया जा रहा है. घटना के बाद राधौगढ अस्पताल पहॅुचे परिजनों ने बताया कि लक्ष्मीकांत- रजनीकांत पुत्र बुंदेलसिंह एवं संजू पुत्र बन्टी गुर्जर तथा मुकेश पुत्र रामेश्वर गुर्जर रात्री में मेघराज मीना के खेत से भैंसे लेकर घर आ रहे थे कि खेत में मेघराज मीना नरवाई में आग लगाकर भाग निकला.









## दिल्ली की राजस्थान पर दमदार जीत

**जयपुर, 1 मई.** इंडियन प्रीमियर 2026 में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला हुआ. जहां बाजी दिल्ली कैपिटल्स ने मारी. दिल्ली ने 226 रनों का टारगेट चेज किया, जो उसका आईपीएल का सबसे बड़ा रनचेज रहा. दिल्ली ने रनचेज को 3 विकेट खोकर कंपलीट किया. इस मैच में राजस्थान की टीम ने पहले खेलते हुए 225/6 का स्कोर बनाया था.

दिल्ली कैपिटल्स टीम की जीत के हीरो ओपनर केएल राहुल (70) और पथुम निसंका (62) रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी कर पूरा मैच ही पलट दिया. राजस्थान की टीम पूरे मुकाबले में विकेट लेने के लिए तरसती रही, उनको जब विकेट मिले भी तो वे नाकाफी साबित हुए. नीतीश राणा ने भी 33 रनों की उपयोगी पारी खेली. वहीं दिल्ली की ओर ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा नाबाद लौटे और मैच फिनिश किया. इससे पहले राजस्थान की ओर से रियान पराग और डोनोवन फरेरा ने शानदार पारियां खेलीं.

दिल्ली की टीम की ओर से ओपनिंग करने केएल राहुल और पथुम निसंका आए, दोनों ने सधी शुरुआत की. दोनों ने मिलकर 4.1 ओवर्स में 51 रन जोड़ लिए. वहीं देखते ही देखते 8.4 ओवर्स में दोनों के बीच पार्टनरशिप 100 रनों की हो गई. हालाकि जब दिल्ली का स्कोर 110 था तब निसंका 9.3 ओवर्स में रवींद्र जडेजा की गेंद पर एलबीडब्लू हो गए. दिल्ली को दूसरा झटका नीतीश राणा के रूप में लगा. जो 17 गेंदों पर 33 रन बनाकर तुषार देशपाडे की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे. कुछ देर बाद ही केएल राहुल भी 40 गेंदों पर 75 रन जड़कर आउट हो गए. इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही. लेकिन अंतिम ओवर्स में डोनोवन फरेरा की पारी की बदौलत राजस्थान ने बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया. रियान पराग ने भी शानदार पारी खेली. मैच में यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टार्क की पहली ही गेंद पर छक्का मारा. हालांकि वो तीसरी गेंद पर आउट हो गए; इसके बाद काइल जेमीसन के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद का सामना करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने चौका मारा, लेकिन वो दूसरी गेंद पर प्लेड ऑन हो गए. इसके बाद रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने संभलना शुरू किया और मौका पड़ने पर हाथ खोले.